Seventeenth Loksabha

>

Title: Minister of Home Affairs, Sh. Amit Shah, made a personal explanation regarding certain remarks made by Sh. Adhir Ranjan Chowdhury on 8th February 2021. He also laid documents with permission of the chair.

माननीय अध्यक्ष: माननीय गृह मंत्री जी।

गृह मंत्री (श्री अमित शाह): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आज स्पष्टता के लिए खड़ा हुआ हूं। कल जब कांग्रेस पक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी जी अपना वक्तव्य दे रहे थे, उसमें उन्होंने कहा कि मैं और मेरी पार्टी के अध्यक्ष बंगाल जाते हैं। जब मैं गया तो विश्वभारती में गया, शांति निकेतन में गया और गुरूवर टैगोर की कुर्सी पर बैठ गया। वह बहुत जिम्मेदार व्यक्ति हैं। उस वक्त मैं उनको भाषण के वक्त टोकना नहीं चाहता था। लेकिन जो सत्य नहीं है, वह इस सदन के रिकॉर्ड में रहना भी नहीं चाहिए। मेरा विनम्र दायित्व है कि मैं स्पष्टता से आपके माध्यम से सदन के सामने रखूं और देश के सामने भी रखूं।

मान्यवर, मेरे पास विश्वभारती के उपकुलपति का पत्र है, जिसमें मैंने उनसे स्पष्टता मांगी है कि सारे फोटो और वीडियोग्राफी की एनेलिसिस करके बताया जाए कि कहाँ मैं बैठा हूं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई। जहां मेरे बैठने का जिक्र किया गया है, वह एक खिड़की है और खिड़की पर सभी के बैठने की व्यवस्था है। …(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय (दमदम): इसे सभापटल पर रखा जाए।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: जी, अभी इसे पूरा होने दें।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: अभी सदन के पटल पर रखता हूं।

मान्यवर, उसी स्थान पर भारत की पूर्व राष्ट्रपति भी बैठी हैं। प्रणव दा भी बैठे हैं, श्री राजीव गांधी भी बैठे हैं और मैं भी बैठा हूं। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री जब आई थीं, तब उन्होंने इस स्मारिका के अंदर उसी स्थान पर बैठकर टिप्पणियां लिखीं।

मेरा इतना ही कहना है कि जब हम इस सदन में बात करते हैं तो बात करने से पहले तथ्यों को जांचना और परखना चाहिए। सोशल मीडिया से उठाकर हम यहां पर रख दें तो इस सदन की गरिमा की क्षति होती है। मगर मैं इसमें इनका दोष नहीं देखता हूं, उनकी पार्टी के बैकग्राउंड के कारण इनसे गलती हो गई।

मान्यवर, मैं तो नहीं बैठा उस कुर्सी पर, लेकिन मेरे पास दो फोटोग्राफ निकले हैं। श्री जवाहर लाल नेहरू जी उस कुर्सी पर बैठे हैं, जहां पर टैगोर जी बैठे थे। यह फोटोग्राफ रिकॉर्ड पर है। दूसरा फोटो है श्री राजीव गांधी जी का, वह टैगोर साहब के सोफे पर बैठकर आराम से चाय पी रहे हैं। …(व्यवधान) इसके कारण उनके मन में गलतफहमी हो सकती है, लेकिन मेरा कृपया आपसे अनुरोध है कि रिकॉर्ड को स्पष्ट कर दिया जाए। इस बात को दादा की अपील पर सदन के पटल पर भी रखना चाहता हूं जिससे हमेशा के लिए यह रिकॉर्ड का हिस्सा बने।

दूसरी बात, जो इस सदन में नहीं हैं, इसका उल्लेख यहां पर नहीं होता है। जो सदन में उपस्थित नहीं है, उसके नाम का उल्लेख करना अमर्यादा है।

फिर भी, मेरे पार्टी के देश के नाम का उन्होंने उल्लेख किया, उस भाषण को मैंने पूरा सुना है। मैं आज उनको चैलेंज देता हूं, अगर नड्डा साहब ने ऐसा कहा है, तो वे रेकॉर्ड पर रखें। नड्डा साहब ने कहीं ऐसा नहीं कहा है, जो कल उन्होंने कहा है। ये दोनों बातें सत्य से बहुत दूर हैं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : दादा आप बैठिए।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: दादा आप टीचर बन जाइए। बाद में**,** मैं आपका विद्यार्थी बनता हूं। …(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : कहा जन्म हुआ था? …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप प्रोफेसर हैं। आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: माननीय अध्यक्ष जी, मेरा आपसे निवेदन है कि कृपा करके आपको रेकॉर्ड को करेक्ट करना चाहिए और करेक्ट करने के लिए मैंने जो बात कही है, फोटोग्राफ और शांति निकेतन के उपकुलपति का जो पत्र है, उसको रेकॉर्ड पर रखने की अनुमति आप मुझे दीजिए।

[Placed in Library, See No. LT 3123/17/21]

माननीय अध्यक्ष : जी, ठीक है।

16.26 hrs

MATTERS UNDER RULE 377 **

माननीय अध्यक्ष: नियम 377 के अधीन मामले सभा पटल पर रखे जाते हैं। माननीय सदस्यगण**,** नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रख सकते हैं।

…(व्यवधान)